Official Periodical of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi

श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी की अधिकृत पत्रिका

# SHRI SAI LEELA

# श्री साई लीला

* Year 25 * Issue 1 * January-February 2025 * ₹ 15/-

* वर्ष २५ * अंक १ * जनवरी–फरवरी २०२५ * ₹ १५/–




In the morning of day, January 1, 2025




In the afternoon of day, January 1, 2025

# SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

## Hon’ble Members of Ad-hoc Committee



**Smt. Anju Shende (Sontakke)**
**(Chairperson)**
Principal District & Sessions Judge, Ahilyanagar



**Shri Siddharam Salimath (IAS)**
**(Member)**
District Collector, Ahilyanagar



**Shri Goraksha Gadilkar (IAS)**
**(Chief Executive Officer)**

Internet Edition - **URL:http://www.shrisabasansthan.org**

# श्री साईं लीला — SHRI SAI LEELA


वर्ष २५ अंक १

Year 25 Issue 1

सम्पादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कार्यकारी सम्पादक : भगवान दातार

Editor : Chief Executive Officer
Executive Editor : Bhagwan Datar


## अंतरंग


- Serve Sai in all sincerity and humility... 4
- श्रद्धा – सबुरी की प्रतीति... : मूल मराठी में शब्दांकन – मयूरी महेश कदम
  * मूल मराठी से हिंदी अनुवाद – शंभु सोनी + अर्चना कोली ६
- ‘‘अत्यंत पवित्र यह मेरा वतन।’’ : मूल मराठी में शब्दांकन – मयूरी महेश कदम
  * मूल मराठी से हिंदी अनुवाद – शंभु सोनी + अर्चना कोली १३
- साईं वचनामृत : विनय घासवाला १९
- Shirdi News 20



● Cover & inside pages designed by Don Bosco and Prakash Samant (Mumbai) ● **Computerised Typesetting:** Computer Section, Mumbai Office, Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi ● **Office :** ‘Sai Niketan’, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar (East), Mumbai - 400 014. Contact No. : (0)9404876574 E-mail : saidadar@sai.org.in ● **Shirdi Office :** At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahilyanagar. Tel. : (02423)258500 Fax : (02423)258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● **Annual Subscription : ₹ 125/-** ● **Subscription for Life : ₹ 2,500/-** ● **Annual Subscription for Foreign Subscribers : ₹ 1,000/-** (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● **General Issue : ₹ 15/-** ● **Shree Sai *Punyatithi* Annual Special Issue : ₹ 25/-** ● Published and printed by the Chief Executive Officer, on behalf of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and at the Taco Visions Pvt. Ltd., Gala Nos. 9 & 10, Blue Mount Work Station, Valiv Phata, Sativli Rd., Vasai East, Palghar - 401 208 respectively. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

# Editorial...

It is only by the Divine Grace of God that one finds a *Sadguru* in his life-time and it is only by His will that one gets an opportunity to serve Him. Not many amongst us are fortunate enough to meet the *Sadguru* in person and to serve Him while He is in flesh and blood. But, is it not equally true that a *Sadguru*, like Baba, transcends the bounds of time and space and the frail, physical frame that He temporarily inhabits? The devotees' experiences of Baba's timely help and guidance that pour into the pages of this magazine, day after day, are eloquent testimony not only to His love and care of His devotees but also to His continued Presence transcending the limits of the physical world. Surely, if spiritual growth and fulfilment in life be possible, serving such a *Sadguru* must be one of the ways of attaining it! It is, therefore, in this spirit of humble service to Baba that I have taken up the editorship of this magazine that has been entrusted to me.

If I were to say that I shall do my best for this magazine, or that I shall spare no efforts to bring it up, it would be presumptuous on my part. As Shri Dabholkar has rightly pointed out in 'Shri Sai Satcharita', who I am to say that "I will do this" or "I will do that" (Chap. 2), and assume so much importance for myself? After all, we are, but an instrument in the process while He is the moving spirit behind it. It is thus Baba Himself who gets His work done through us. All we can do is to place humbly at His service whatever powers He may have gifted us with.

*Guru-seva*, or serving the *Sadguru* is not always so easy. It is at once a boon and a trial. For, the *Guru* tries us in many ways to test our steadfastness, faith and patience. In the parable of His own *Guru* ('Shri Sai Satcharita', Chap. 32), Baba has described the hard tests that His *Guru* put Him to and has thus impressed upon us the importance of Faith and Endurance (SHRADDHA and SABURI), the only form of *Dakshina* that the *Guru* expects from us. It is in the face of hardships, in the moments of doubt and hesitation that these two qualities are put to a sore test and it is only by praying to Baba for strength and help that we can stand these tests.

The difficulties in the path of *Guru-seva* are many and some arise from within our own selves. The greatest among our enemies is the ego which raises its ugly head, sometimes even without our knowledge. Even the great sages of old, who were full of wisdom, found it difficult to conquer the ego. Difficult it certainly is, but all the same, it is essential to conquer it. *Guru-seva*, therefore, demands, first and foremost, a spirit of humility.

Here, once again, Baba has given us valuable instruction - this time through precept and example, as He has at other times taught us through parables. The story of Baba's service to Jawhar Ali, narrated in Shri Sai Satcharita (Chap. 5), immediately comes to our mind. Jawhar Ali, a *fakir* who was in no way comparable to Baba in his spiritual or temporal powers, posed himself as His *Guru* and was served by Baba sincerely and in all humility. Baba seemed to suggest that unless *Guru-seva* is infused with such humility, it can never lead us onwards, on the path of spiritual progress. Moreover, it is worth remembering that Baba did not say "I am God" (अनल हक्क), but rather that "I am the servant of God" (यादे हक्क). He was thus the very personification of humility. From His example and from His words of wisdom we come to understand the true meaning of '*Guru-seva*'. We can only pray to Him that He gives us the necessary understanding to imbibe the true spirit of humility so that we may serve Him whole-heartedly.

It is this desire to serve Baba in all sincerity and humility that brings us all, the Sai devotees, together into a common brotherhood. We all share one faith and one goal and owe allegiance to the one Godhead. We are inspired by the one common desire to convey Baba's message, the impact of His Presence, of His life and teachings far and wide. And, this is what 'Shri Sai Leela' primarily sets out to do. It is true that this magazine is the official organ of the Shree Sai Baba Sansthan, Shirdi and, therefore, the various schemes, projects and other activities of the Sansthan reach the public through its medium. But, it is also the vehicle for the devotees' personal experiences which are nearest and dearest to their hearts. Such experiences which find a spontaneous expression in their articles, letters, poems etc. also carry the power to convince those who read them. One tends to dwell thoughtfully, and for long on Baba's teachings and tenets, and various aspects of His life, as they are put before us from different points of view by devotees who have studied them carefully and published the studies in the pages of 'Shri Sai Leela'. But, the magazine also envisages a widening of its scope to include articles on other Saints, - thereby stressing the universal brotherhood of all Saints which Baba Himself emphasised from time to time, - and on other thought-provoking topics which can help us to understand Baba better and carry His message to an everwidening circle of readers. May Baba bless our efforts.

- Shri Sai Leela, Volume 64, No. 5, August 1985




Flag hoisting on January 26, Republic Day, on behalf of the Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi, was done by Shri Goraksha Gadilkar, Chief Executive Officer of the Sansthan, on the Sansthan's new Educational Complex ground.

Shri Mahendra Dhavale, Deputy Director, Directorate of Silk, Nagpur, Smt. Pradnya Mahandule, Administrative Officer of the Sansthan, Shri Vishwanath Bajaj, I/c. Administrative Officer, Shri Bhikan Dabhade, Executive Engineer, Smt. Mangala Varade, Chief Accounts Officer, Shri Rohidas Mali, Security Officer, Head of all departments, employees, teaching staff, students and parents were present on the occasion in large numbers.






# श्रद्धा - सबुरी की प्रतीति...

अनंत कोटि ब्रह्मांड के नायक, श्री साईं बाबा, जिन्होंने कलियुग में सगुण परब्रह्म के रूप में अवतार लिया, ब्रह्मा, विष्णु और महादेव के अवतार हैं। अपना अहो भाग्य है कि साईं अपनी महानता के कारण हमें क़रीब ले आए हैं। आज बाबा को समाधि लिए १०६ साल पूरे हो गए हैं। लेकिन साईं भक्त महसूस कर रहे हैं कि बाबा अभी भी उनके दिल में हैं।

आज भी समाधि मंदिर से हमें विलक्षण ऊर्जा मिलती है। यही तो साईं की महिमा है! हम जब भी शिर्डी जाते हैं और साईं का रूप देखते हैं तो उस रूप पर मोहित हो जाते हैं। उनकी ओजस्वी आँखें, उज्ज्वल मुस्कुराता चेहरा देख कर मन भर जाता है। आँखों से भक्ति और आनंद की धारा बहने लगती है। बाबा की समाधि का स्पर्श होते ही हम अभिभूत हो जाते हैं। कभी-कभी भीड़ के कारण हम समाधि को छू भी नहीं पाते। उस समय जो समाधि की सेवा के लिए हैं, जो स्नान कराते हैं, उन्हें इत्र लगाने वाले पुजारी जी को देख कर मन में ईर्ष्या होने लगती है कि साईं के पास होने वाले ये पुजारी बाबा से कितने परिचित होंगे।

मुझे इस बात की बड़ी जिज्ञासा थी। मैंने निश्चय कर लिया कि यदि बाबा मुझे कभी उनके निकट सेवकों का साक्षात्कार करने का अवसर देंगे तो मैं उनसे एक प्रश्न अवश्य पूछूँगी कि इतने लंबे समय तक बाबा के चरणों में रहने से आपको क्या महसूस होता है और आपके हृदय में बाबा के प्रति क्या उद्गार प्रस्फुटित होते हैं।

यह शुभ अवसर कई वर्षों के बाद मुझे मिला। मुझे दिलीप सुलाखे पुजारी जी का साक्षात्कार करने का अवसर मिला, जिन्होंने पिछले चालीस वर्ष साईं की सेवा की। मैंने उनसे वह प्रश्न पूछा, तो उन्होंने कहा, साईंनाथ की दिव्यता, उपस्थिति एवं कृपा के बारे में हमें समय-समय पर पता चलता रहा है।

सुलाखे पुजारी जी का मतलब है...

**शुद्धबीजा पोटी। फळे रसाळ गोमटी।**
**मुखी अमृताची वाणी। देह देवाचे कारणी।**
**सर्वांग निर्मळ। चित्त जैसे गंगाजळ।।**

ऐसी वेदाभ्यासी और पुरोहिती परम्परा पुजारी जी के घराने से चलती आ रही है। उनके पिता विश्वंभर भगवान्‌राव सुलाखे बीड के रहने वाले थे; लेकिन १९७२ के सूखे के दौरान वे अपने तीन बच्चों को गणेशपुरी ले आए और नित्यानंद महाराज के पुजारी बने। उन्होंने अपने बच्चों को वेद और संस्कृत सीखने के लिए त्र्यंबकेश्वर भेजा। वहाँ से पढ़ाई करने के बाद दिलीप जी ने मुंबई के भारतीय विद्या भवन से साहित्यशास्त्र में डिग्री हासिल की। बाद में आगे की शिक्षा और आजीविका के लिए कुछ

समय तक भिक्षा भी माँगी। इसी दौरान मानो साईं बाबा को उनका स्मरण हो आया और उन्होंने शिर्डी साईं मंदिर में पुजारी के पद के लिए एक विज्ञापन पढ़ा और उसके लिए आवेदन भेज दिया। उनको साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। वहाँ जाकर देखा तो एक पद के लिए ५५ उम्मीदवार आए हुए थे। उन्हें लगा कि इतने सारे लोगों के बीच मेरा चयन होना संभव नहीं है। लेकिन हमारे मन में हमेशा अलग-अलग विचार होते हैं और बाबा के मन में हमारी भलाई के विचार होते हैं। बाबा ने उन सभी में से दिलीप जी को पसंद किया था; इसलिए उनका चयन हो गया और ७ अप्रैल १९८२ को वे शिर्डी संस्थान में पुजारी के रूप में शामिल हो गए। इसमें संस्थान के तत्कालीन कोर्ट रिसीवर कन्हैयालाल कांकरिया, रामकृष्ण अय्यर स्वामी इनका बड़ा योगदान रहा। दिलीप जी की विद्वत्ता, प्रतिभा और उच्च शिक्षण के कारण संस्थान में उनको सुलाखे शास्त्री के नाम से सब जानने लगे, पुकारने लगे। फिर बाबा की असीम कृपा से ४० वर्षों तक उन्होंने बाबा की सेवा की।

**साई पुरवील तयाचे अर्थ।**
**पुरवील स्वार्थ आणि परमार्थ।**
**सेवा कधींही जाई न व्यर्थ।**
**अंतीं कृतार्थ करील।।**

– श्री साईसच्चरित, अ. ४५, ओ. १५

इस तरह बाबा की सेवा में रहने से उन्हें जीवन में वास्तविक आनंद और संतुष्टि मिली। दिलीप जी कभी भिक्षा माँग कर अपना जीवन यापन करते थे, वे आज साईं की कृपा से समृद्ध जीवन जी रहे हैं। अब तक वे २० देशों का भ्रमण कर चुके हैं। १० देशों में जाकर उन्होंने साईं की प्राणप्रतिष्ठा भी की है।

पुजारी जी कहते हैं – ''साईं ने मुझे बहुत कुछ दिया है। उन्होंने मुझे आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक समृद्धि दी है, साथ ही मुझे साईं के दर्शन के लिए आए हुए राष्ट्रपति, स्वरसम्राज्ञी लता मंगेशकर, कई सुप्रसिद्ध कलाकार, मंत्री आदि गणमान्य व्यक्तियों के लिए पूजा कराने का सम्मान प्राप्त हुआ।

प्रत्येक वर्ष मंदिर में गुड़ी पड़वा के दिन, गुड़ी की पूजा की जाती है। २०१६-१७ में मुझे मंदिर के शिखर पर गुड़ी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कई बड़े कलाकार लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में अपना शो करने का सपना देखते हैं, उस हॉल में संस्थान के सहयोग से मुझे साईं बाबा की महापूजा करने का शुभ अवसर मिला। मुझे बाबा के महासमाधि शताब्दी वर्ष के दौरान चावड़ी महोत्सव में महापूजा करने का भी सौभाग्य मिला और बाबा की कृपा से मुझे समाराधना अनुष्ठान करने का महान अवसर भी प्राप्त हुआ। कई बार संकट के समय बाबा ने मुझे संकट से सही सलामत बाहर निकाला है।''

साईं बाबा ने ऐसे सुलाखे पुजारी जी की कई बार कड़ी परीक्षा भी ली। लेकिन...

**पाठीसी असतां श्रीसमर्थ।**
**कोणीही लावूं न शके हात।**
**ऐसिया निर्धारें जे निर्धास्त।**
**धन्य ते भक्त साईंचे।।**

– श्री साईसच्चरित, अ. ५२, ओ. ४१

चूँकि पुजारी जी ऐसे दृढ़ संकल्प के थे, इसलिए कई कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने साईं पर श्रद्धा और सबुरी को बनाए रखा और अपने रास्ते में आने वाली हर मुश्किल का डट कर सामना करके विजय प्राप्त की। साईं की शरण में रहते हुए उन्होंने सोचा कि मेंढक जिस तरह कमल के नीचे कीचड़ में आनंद से रहते हैं वैसे नहीं रह कर भँवरों जैसे कमल के अंदर एक पथिक के रूप में अपना जीवन बिताता है वैसे ही साईं के चरणों में रह कर, साईं की शिक्षा के अनुसार अभ्यास करना शुरू कर दिया। जब वे सेवा के लिए समाधि के पास खड़े थे, तो उन्होंने देखा कि कई भक्त बड़ी श्रद्धा से साईं की हुंडी में पैसे डाल रहे हैं और कुछ लोग गहने दान कर रहे हैं। यह देख कर दिलीप पुजारी जी के मन में यह भाव आया कि 'बाबा, ये लोग कभी-कभी यहाँ आकर दान-पुण्य करते हैं परन्तु मैं तो हमेशा आपके चरणों में ही रहता हूँ तो मुझसे कोई दान धर्म क्यों नहीं हुआ...

**दुग्धें तुडुंब गळती सड।**
**तेथेंच घट्ट चिकटले गोचिड।**
**परि तया अशुद्धीं आवड।**
**दुग्धाची चाड काय तया।।**
**पहा दर्दुर आणि भ्रमर।**
**कमळ सुंदर दोघांचें घर।**
**परि परागीं भ्रमरा विहार।**
**दर्दुरा आहार चिखलाचा।।**

– श्री साईसच्चरित, अ. ५०, ओ. १००-१०१

इनमें और मुझमें क्या फ़र्क़ रह जाएगा? इसलिए

मैं अपने हाथों से भी कुछ अच्छा दान करना चाहता हूँ। आपको मुझसे कुछ लेना चाहिए।'

सुलाखे पुजारी जी के मन में ऐसा विचार घर कर गया कि यदि वे बाबा को सोने की कोई वस्तु भी देंगे तो देर-सवेर वह वस्तु टूट जाएगी। उनका मन था कि वे बाबा को कुछ ऐसा अर्पित करें जो हमेशा कायम रहे, इसलिए उन्होंने बाबा को १ एकड़ का एक भूखंड अर्पित कर दिया, जो उन्होंने २० साल पहले शिर्डी में सन् एंड सन् होटल के पास ख़रीदा था। आज वहाँ साईं संस्थान द्वारा साईं उद्यान सुशोभित है। इसके बाद उन्होंने साईं सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी प्रारंभ कर दिए।

२००५ में उनकी माँ का ऑपरेशन मुंबई के बॉम्बे हॉस्पिटल में किया गया, जिसका ख़र्चा लगभग एक लाख सात हज़ार आया। दरअसल यह रक़म उन्हें संस्थान की ओर से मिलनी थी। उन्होंने आवेदन के साथ अस्पताल से मिला बिल भी दिया था; लेकिन किसी कारणवश बिल के पास होने में विलंब हो गया।

अपना अनुभव बताते हुए पुजारी जी कहते हैं कि ''मैंने लोगों से पैसा उधार लेकर अस्पताल के बिल का भुगतान तो कर दिया था परन्तु कर्ज़दारों को उनकी रक़म लौटाने की चिंता भी मुझे सता रही थी।

संस्थान को बिल दिए हुए सात-आठ महीने बीत गए थे पर संस्थान से कोई जवाब नहीं आया था। इसके बारे में मैंने संस्थान को याद दिलाया कि मेरे बार-बार पूछने पर भी मैंने प्रस्तुत किए हुए बिल का अब तक भुगतान नहीं हुआ है और मैंने इस रवैये के प्रति नाराज़गी व्यक्त की। तदंतर जब मैं आरती के समय बाबा के सामने खड़ा हुआ और मैंने बाबा को प्रणाम किया, तो मन ही मन में यह पछतावा हुआ कि यह मेरी गलती थी। अगर यह बिल मंजूर हो गया तो मैं वह सारा पैसा किसी साईं सेवा-कार्य में लगा दूँगा। जब आरती ख़त्म हुई तो संस्थान के ऑफ़िस से फ़ोन आया कि 'आपका एक लाख सात हज़ार रुपये का चेक तैयार है।' तो मैं भावविह्वल होकर एक टक बाबा को निहारता रहा और श्रद्धा के आँसुओं ने मेरी आँखें नम कर दीं।

जब मैं चेक लेकर घर आया तो मैंने सारा वृत्तांत मेरी पत्नी श्रीमती मंजूषा को बताया तो वे बोलीं 'आप बाबा को वचन दे चुके हैं कि इन पैसों का उपयोग केवल उनके सेवा-कार्य के लिए ही करेंगे तो उनके लिए ही यह पैसा अर्पण करना चाहिए। हम दूसरों से लिए गए पैसे धीरे-धीरे वापस कर देंगे।'

१९९७-९८ के आसपास मैं बीड ज़िले में हमारे गाँव तांदला गया था। हमारा गाँव तब ७०-८० घरों की एक छोटी-सी बस्ती थी और आर्थिक रूप से ग़रीब। वहाँ दगडूबा गवते नाम के एक बुज़ुर्ग मिले। उनकी उम्र के हिसाब से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था और उनकी हालत भी अच्छी नहीं थी। वे भगवान् से प्रार्थना करते रहते थे कि, 'हे भगवान्! मेरे बच्चों से कहो कि मुझे एक इन्जेक्शन लगवा दें; मैं ठीक हो जाऊँगा।' लेकिन, हमारे गाँव में १० किलोमीटर तक कोई अस्पताल नहीं है। कुछ सालों बाद उस बुज़ुर्ग ने इस नश्वर संसार से विदा ले ली, तो यह बात मेरे मन को दुःखी कर गई। जब मुझे एक लाख सात हज़ार का वह चेक मिला और मैंने साईं बाबा से कहा कि मैं इसे आपके काम में ख़र्च करूँगा, तो मुझे दगडूबा गवते की याद आई। मैंने सबसे पहले 'साईं बाबा सेवाभावी संस्था' की स्थापना की और उक्त पैसों से मेरे गाँव में एक छोटा-सा चिकित्सालय शुरू करने का फ़ैसला किया। हमने २००६ में तत्कालीन विधायक भैयासाहेब पंडित और महादेव महाराज के सहयोग से एक छोटा-सा चिकित्सालय शुरू किया, जो आज भी चल रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि मुझे जो एक लाख सात हज़ार रुपये मिले थे वे आज भी वैसे ही हैं।''

पुजारी जी ने बता रहे थे – ''हमारा १२ साईं भक्तों का एक समूह है जिसका प्रत्येक सदस्य चिकित्सालय के संचालन हेतु वर्ष में एक बार १० हज़ार रुपये का योगदान करता है, इससे चिकित्सालय के सभी कार्य हो जाते हैं। इस चिकित्सालय की मदद के लिए कई लोग आगे आते हैं, हम उनसे दवाइयाँ आदि देने के लिए कहते हैं। उसके बाद हमने गाँव में विस्तृत चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया और यह पाँच साल पहले महाराष्ट्र के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री श्री दीपक जी सावंत के सहयोग से सफल हुआ। सवा करोड़ रुपये की लागत से स्वास्थ्य केंद्र बनाने का काम तेजी से चल रहा है। अब दो-चार माह में यह शुरू हो जाएगा और ग्रामवासीयों को अच्छे डॉक्टर व दवाइयाँ उपलब्ध होंगी।

हृदय बड़ा प्रफुल्लित है कि अब गाँव की स्वास्थ्य समस्या का समाधान जल्द ही हो जाएगा। अब मन में यह विचार भी आया कि गाँव का चहुँमुखी विकास किया जाए। मैं सोच ही रहा था कि अब क्या करें तो मुझे उस

भूमि पर साईं बाबा का मंदिर बनाने की प्रेरणा मिली। श्री साईसच्चरित के अध्याय ३२ में साईं बाबा का एक प्रसंग है कि वे बीड़ ज़िले में कुछ समय रहे थे।

साईं बाबा ने एक बार एक कहानी सुनाई थी...

**'एकदां मी लहान असतां। फडका बांधोन पोटाभोंवता। धंदा मिळावा निर्वाहापुरता। आणूनि चित्ता निघालों।। चालतां चालतां बीडगांवा। आलों तेथें घेतला विसांवा। फकिराचा माझ्या न्याराच कावा। आनंद जीवा वाटला।।'** – ओ. १५२–१५३

इस कहानी में उन्होंने स्वयं बताया कि वे बचपन में बीड़ गाँव आए थे और कुछ दिनों तक वहाँ रहे थे। 'मैंने जब इस स्थान और इसके आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया तो समझ में आया कि इस ज़िले का ऐतिहासिक महत्व है। यह वह स्थान है जहाँ देवताओं का वास था। बीड़ ज़िले में गोदावरी नदी के तट पर गेवराई तालुका, जहाँ **श्री शनिदेव** का भारत के साढ़े तीन पीठों में से एक **श्री क्षेत्र राक्षस भुवन** है। इसके अलावा **यहाँ भगवान् शिव का प्राचीन दादेश्वर मंदिर भी है। साथ ही यह स्थान दत्त प्रभु के भोजनस्थान के रूप में भी सुप्रसिद्ध है। श्री दत्त जयंती का यहाँ सैकड़ों वर्षों से पारंपरिक तरीके से छह दिनों तक उत्सव मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि दत्तगुरु ने यहीं प्रभु रामचंद्र और सीतामाई को प्रत्यक्ष दर्शन दिए थे। श्री दत्त का यह मंदिर बहुत प्राचीन है और इस स्थान पर कई ऋषियों ने निवास किया था।** इसके साथ ही, **परली वैद्यनाथ मंदिर** जो १२ ज्योतिर्लिंगों में से एक है, बीड़ शहर से सिर्फ़ ९० किमी दूर है। यहाँ से मात्र ३५ किमी आगे अंबेजोगाई में **योगेश्वरी का प्राचीन मंदिर** है। यहाँ लगभग ३०० साल पहले बना एक विशाल **खंडोबा मंदिर** भी है, जिसमें **७० फ़ीट ऊँचा दीप स्तंभ** स्थापित किया गया है। प्रसिद्ध **कंकालेश्वर मंदिर** इस बीड शहर से बहने वाली बिंदुसार नदी के पूर्वी तट पर एक जलकुंड में स्थित है। इ.स. १५७२ में निर्मित **ख़ज़ाना विहिर** (कुआँ), **हजरत शहंशहावली मजार, मंसूरशाहबली दरगाह, सौताड़ा झरना, श्री रामेश्वर मंदिर, सौताड़ा,** अंबेजोगाई में प्राचीन **कवि श्री मुकुंद महाराज का मंदिर** और बीड में **श्री खंडेश्वरी माता मंदिर** है। ऐसे परम पावन क्षेत्र में साईं ने अपनी युवावस्था में निवास कर इस भूमि को पुनीत किया।' ''

चूँकि इस क्षेत्र का महत्व ऐतिहासिक था और साईं बाबा ने भी वहाँ कुछ समय बिताया था इसलिए, सुलाखे गुरुजी ने तांदला गाँव में साईं बाबा मंदिर बनाने का संकल्प किया। इसके लिए उन्होंने अपने पुरखों के पुराने घर को चुना और वहाँ साईं मंदिर स्थापित करने का विचार अपने सभी १३ भाई–बहनों के सामने रखा, तो सभी ने ख़ुशी–ख़ुशी इसे स्वीकृति दी। इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ और जून २०१३ में तांदला में मन, प्राण और विवेक को आनंदित करने वाला भव्य साईं मंदिर बन कर तैयार हो गया। इस मंदिर में श्री साईं बाबा, शेगाँव के श्री गजानन महाराज तथा श्री डिगंबर महाराज की मूर्तियाँ बड़ी धूमधाम और विधि–विधान से गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में स्थापित की गईं। आगे क्या हुआ... क्योंकि गाँव बहुत ग़रीब था तो पुजारी जी स्वयं ही मंदिर के रख–रखाव का ध्यान रखते थे, दीपक के लिए तेल भी वे स्वयं उपलब्ध कराते थे। पुजारी जी तो शिर्डी में रहते थे, पर समय–समय पर तांदला जाकर मंदिर की व्यवस्था पर दृष्टि भी रखते थे। एक बार वे गाँव गए और जब वे मंदिर में गए तो उन्होंने वहाँ मंदिर में दीपक बुझता हुआ देखा, तो दीपक में तेल डालने के लिए तेल का डिब्बा खोला, तो उसमें तेल नहीं था। उन्होंने सोचा कि शायद गाँव के कुछ सदस्य भोजन के लिए तेल अपने घर ले गए होंगे, इसलिए उन्होंने



तांदला (बीड ज़िला, महाराष्ट्र राज्य) स्थित साईं मंदिर




भजन में मग्न साईं भक्त

पहले थोड़ा तेल मँगवाया और दीपक प्रज्वलित करने की व्यवस्था की। फिर उन्होंने साईं बाबा के सामने हाथ जोड़ कर मन में कहा, ‘बाबा, हृदय विकार से ग्रस्त होने कारण मैं इस जमाने से कभी विदा हो जाऊँगा, कह नहीं सकता; इसलिए दिया जलाने का इंतजाम आप ही कर लें। आपकी प्रेरणा से ही यहाँ आपका मंदिर बन गया है। अब आप ही देखें कि आगे की मंदिर की समस्त व्यवस्थाएँ कैसे होंगी।’ इतना कह कर वे चले गए।

कुछ दिन बाद वे वापस गाँव गए, तो उन्होंने मंदिर में कुछ महिलाओं को बैठे हुए देखा, जो अपने पारिवारिक



मंदिर में विराजित गजानन महाराज – साईं बाबा – डिगंबर महाराज



साईं भंडारा

समस्याओं की बातें कर रही थीं। वे कह रही थीं कि कभी–कभी उन्हें भूखे भी रहना पड़ता है। यह सुलाखे पुजारी जी ने सुना, तो वे बड़े दुःखी हुए। उन्हीं दिनों सुलाखे पुजारी जी के संपर्क में परम पूज्य मोहन जी आए, जो एक सामाजिक संस्था चलाते हैं, उन्होंने मंदिर में प्रतिदिन दोपहर और रात को ज़रूरतमंदों को पिठलं–भाकरी (भोजन) की व्यवस्था की। इतना सब करने के बाद भी पुजारी जी का मन संतुष्ट नहीं हुआ। वे सोचते थे कि हमारे गाँव के जो लोग सीधे और ग़रीब हैं उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करना ज़रूरी है। यहाँ के किसानों की ज़मीन नेशनल हाईवे २२२ में चली गई है और उन्हें मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्होंने इसके लिए आवाज़ उठाई और अपने संपर्क वाले कई बड़े लोगों से मिले, यहाँ तक कि केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के कार्यालय से भी उन्होंने बातचीत की और लंबे समय तक क़ानूनी लड़ाई लड़ी, जो अब सफलता की राह पर है। चंद दिनों में किसानों को अपनी अधिगृहीत हुई ज़मीन का पैसा मिलने की संभावना बनी है। इससे तांदला गाँव के विकास को बढ़ावा मिलेगा। कोई भी व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ कह सकता है – 'जहाँ पर साईं हैं वहाँ जीत तो होगी ही और किसी चीज़ की कमी हो ही नहीं सकती।' सुलाखे पुजारी जी ख़ुश थे कि अब गाँव का चहुँमुखी विकास होगा और मंदिर के लिए अपने घर से तेल आदि सामग्री ले जाने की ज़रूरत नहीं होगी।'

पुजारी जी कहते हैं – ''हालाँकि यह सब हमें सीधा और आसान लगता है, लेकिन ऐसा नहीं था, इसमें कई बाधाएँ थीं; परंतु साईं की कृपा से वे सभी बाधाएँ दूर हो गईं। २०१३ में मुझे दिल का गंभीर दौरा पड़ा, जिससे साईं ने बचा लिया। साईं का चमत्कार है कि मुझे दिल की समस्या होने के बावजूद २०१८ में मुझे कैलाश मानसरोवर जाने की इच्छा हुई और डॉक्टर से सलाह लेने गया, तो उन्होंने कहा मानसरोवर बहुत ऊँचाई पर स्थित है, जहाँ प्राणवायु की मात्रा कम होती है; इसलिए तुम्हें वहाँ नहीं जाना चाहिए; लेकिन जब मैंने डॉक्टर से कहा कि मुझे साईं पर विश्वास है और वे मुझे वहाँ सुरक्षित रखेंगे, तो डॉक्टर ने मेरी साईं भक्ति पर विश्वास करते हुए मुझे सहर्ष अनुमति दे दी। मैंने साईं बाबा की कृपा से बिना किसी तकलीफ़ कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूर्ण की।''




'साईं बाबा सेवाभावी संस्था' की ओर से अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैं। २०१६ में तो सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए कलेक्टर को एक लाख का डीडी भी सौंपा, जिसकी पूरे ज़िले में सराहना हुई।

२०१५ से सुलाखे पुजारी जी ने 'साईं बाबा सेवाभावी संस्था' के माध्यम से तांदला से शिर्डी तक पालकी यात्रा प्रारंभ की। इस वर्ष पालकी १५ फरवरी २०२५ को निकलेगी। पिछले साल जब अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ था तब उनके गाँव के कुछ ही लोगों ने अयोध्या देखी थी, इस बार शिर्डी सहित उनके गाँव के ७२ लोगों को सिर्फ़ एक रुपये में १३ दिन की तांदला–शिर्डी–काशी–प्रयाग और अयोध्या यात्रा पर ले जाया जाएगा। इस एक रुपये में रहना, खाना, घूमना सब शामिल है।

दिलीप सुलाखे पुजारी जी का शिर्डी संस्थान में साईं की सेवा करते समय जिन महानुभावों से सम्पर्क हुआ, उसका उपयोग उन्होंने अपने गाँव के कल्याण के लिए किया। जैसा गुरु है वैसा ही उसका शिष्य भी है; यदि गुरु सच्चा है तो उसका शिष्य भी सच्चा है।

**शिष्यापासून घ्यावी सेवा। स्वप्नींही न धरी ऐसिया भावा। उलट शिष्यार्थ निजदेह लागावा। इच्छी तो जाणा सद्‌गुरु।।** – श्री साईसच्चरित, अ. ४८, ओ. १०

**गुरु–भक्त हे नाहीं वेगळे। दोघेही एकांग आगळे। प्रयत्नें वेगळे करितां बळें। अभिमान गळे कर्त्याचा।। एकावांचून एक ठेला। कच्चा गुरु तो कच्चाही चेला। परि जो पक्क्या गुरुचा केला। द्वैतीं अबोला तयासी।। गुरु राही एक्या गांवीं। शिष्य तयाचा इतर गांवीं। ऐसें जयाचें मन भावी। ते मानभावी उभयही।। मुळींच जरी नाहींत दोन। वेगळीक मग ती कुठून। एक न राहे एकावीण। इतुके अनन्य ते दोघे।।** – श्री साईसच्चरित, अ. २७, ओ. १७२–१७५

ऐसे ही हैं हमारे प्यारे–प्यारे साईं बाबा, इसी कारण उनके श्रद्धालु शिष्य उनके उपदेशों का अनुसरण करते हैं, इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं दिलीप सुलाखे पुजारी जी।

**अनंत कोटि ब्रह्मांड नायक राजाधिराज योगीराज**
**परब्रह्म सच्चिदानंद सद्‌गुरु**
**श्री साईंनाथ महाराज की जय!**

मूल मराठी में लिखित : **मयूरी महेश कदम**
ई–मेल : **saimayumahesh@gmail.com**
हिंदी अनुवाद : **शंभु सोनी, अर्चना कोली**
ई–मेल : **siyarampress@gmail.com**

# "'बहुत पवित्र यह मेरा वतन।"



हेमाडपंत द्वारा लिखित श्री सच्चिदानंद साईंनाथ महाराज के श्री साईसच्चरित के अध्याय ४ में कहा गया है कि हमारे श्री साईंनाथ महाराज पहली बार शिर्डी में एक नीम के पेड़ के नीचे प्रकट हुए।

**म्हणे आरंभीं हें पोर।**
**गोरें गोमटें अति सुंदर।**
**निंबातळीं आसनीं स्थिर।**
**प्रथम दृग्गोचर जाहलें।।११७।।...**
**रूपरेखा अतिगोजिरी।**
**पाहतां प्रेम दाटे अंतरीं।**
**नाहीं कुणाचे घरीं ना दारीं।**
**निंबाशेजारीं अहर्निश।।१२१।।...**

साईं बाबा ने स्वयं कहा है कि नीम के नीचे मेरे गुरु का स्थान है।





**म्हणे हें माझ्या गुरुचें स्थान।**
**अति पवित्र हें माझें वतन।**
**आहे तैसेंचि करा हें जतन।**
**माना मद्वचन एवढें ।।१३१।।**

बाबा को यह नीम का पेड़ बहुत प्रिय था।

**जैसा अश्वत्थ वा औदुंबर।**
**तैसाचि बाबांस तो 'निंबतरुवर'।**
**प्रीति फार त्या निंबावर।**
**अति आदर तयांचा ।।१३६।।**

श्री साईं बाबा के महान भक्त श्री उपासनी महाराज ने श्री साईंनाथ महिम्न स्तोत्र में कहा है -

**''सदा निंबवृक्षस्य मूलाधिवासात्सुधास्त्राविणं**
**तिक्तमप्यप्रियं तम्।**
**तरुं कल्पवृक्षाधिकं साधयंतं,**
**नमामीश्वरं सद्गुरुसाईनाथम्।।४।।**
**सदा कल्पवृक्षस्य तस्याधिमूले**
**भवद्भावबुद्ध्या सपर्यादिसेवाम्।**
**नृणां कुर्वतां भक्तिमुक्तिप्रदं तं,**
**नमामीश्वरं सद्गुरुसाईनाथम्।।५।।''**

''बाबा जिस कड़वे नीम के पेड़ के नीचे निवास करते हैं, उस नीम के पेड़ को मैं नमस्कार करता हूँ जो कल्प वृक्ष से भी बड़ा है, चाहे कड़वा हो या मीठा वह मुझे प्रिय है।''

श्री साईं का प्रिय यह नीम मानव जीवन के लिए वरदान है। यह एक बहु उपयोगी वृक्ष है। यह जानकारी प्राप्त करने के लिए इस विषय पर कुछ ग्रंथ देखे गए, कुछ विश्वकोशों का अवलोकन किया गया, तब कुछ जानकारी इस प्रकार प्राप्त हुई :-

ऐसा माना जाता है कि इस पेड़ में बीमारियों और बुरी आत्माओं को ठीक करने की शक्ति है। चैत्र पड़वा के दौरान हमारे यहाँ नीम के पत्ते की चटनी खाने का रिवाज़ है। इसे संस्कृत में 'परिभद्र' कहा जाता है। साथ ही इसकी उत्पत्ति अमृत से हुई मानी जाती है। इस पेड़ को कुछ लोग ब्रह्मा जी का प्रतीक मानते हैं, तो कुछ लोग इसे जगन्नाथ का प्रतीक मानते हैं। इसे आदिमाया एवं आदिशक्ति का प्रिय वृक्ष माना जाता है। यही कारण है कि दक्षिण के अधिकांश देवी मंदिरों के परिसर में नीम का पेड़ होता है। इसीलिए इस पेड़ को काटना किसी जवान लड़की को मारने के समान अशुभ माना जाता है। कई देवी-देवताओं की पूजा में इस पेड़ की शाखाओं का बड़ा महत्व है। इसके साथ ही मांत्रिक इसकी टहनियों का उपयोग बिच्छू, साँप आदि का जहर उतारने के लिए भी



साईं मंदिर, मोठागाँव, डोंबिवली पश्चिम

करते हैं। इसका उपयोग माता (चेचक) निकल आती है, तब किया जाता है। नीम के पेड़ का उपयोग प्राचीन काल से ही औषधीय रूप में किया जाता रहा है। आयुर्वेद में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान है। इस पेड़ की जड़ से सिरे तक सभी भाग उपयोगी हैं। यह पेड़ आपके पैरों से लेकर सिर तक की बीमारियों के इलाज में अहम भूमिका निभाता है। इसीलिए इसे सभी रोगों का निवारण करने वाला वृक्ष कहा जाता है। यह हमारे शरीर की रोग–प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए इसे औषधीय वृक्ष भी कहा जाता है। इस नीम का औषधि और पूजा में महत्वपूर्ण स्थान है। नाम से पता चलता है कि इसका स्वाद कड़वा होता है; परन्तु जिस नीम के पेड़ के नीचे बाबा बैठते थे वह इसे अपवाद है। इस नीम की न सिर्फ़ पत्तियाँ कड़वी होती हैं बल्कि इसके बीज से उगाए जाने वाले पौधे भी कड़वे नहीं होते हैं।

शिर्डी संस्थान इस नीम के पेड़ के पौधे तैयार करता है और उन्हें साईं भक्तों में प्रसाद के रूप में वितरित करता है। वैसा ही एक पौधा महाराष्ट्र राज्य के ज़िला ठाणे, तालुका कल्याण के डोंबिवली पश्चिम मोठागाँव, लोठेवाड़ी में साईं मंदिर के परिसर में है। यह केवल फैला ही नहीं बल्कि इसकी पत्तियों का स्वाद भी शिर्डी के गुरुस्थान में नीम के पेड़ की पत्तियों की तरह मीठा होता है। साईं भक्तों और गाँव में माऊली के नाम से परिचित श्री भरत भोईर को साईं संस्थान द्वारा उपहार में प्राप्त नीम का एक पौधा, उनके द्वारा निर्मित मंदिर के परिसर में लगाया गया और उसकी देखभाल की गई। वह पौधा आज बहुत अच्छे से विकसित हो गया है। इस नीम की मिठास के बारे में बताते हुए भरत भोईर उर्फ माऊली कहते हैं कि –''हमने शिर्डी साईं संस्थान द्वारा उपहार में प्राप्त यह छोटा–सा नीम का पौधा अपने साईं मंदिर परिसर में लगाया। हमने इसे एक छोटे बच्चे की तरह पाला–पोसा।... आज वह पौधा एक पेड़ में बदल गया है। हम नियमित रूप से इसमें मिट्टी और खाद डालते हैं। लेकिन, हमने इसकी पत्तियाँ कभी खा कर नहीं देखी थी, इसलिए हमें नहीं पता था कि इस पेड़ की पत्तियों का स्वाद कैसा है। मेरी माँ साईं भक्त थी। उसी के कारण मेरे मन में साईं भक्ति जागृत हुई। कुछ दिन पहले मेरी माँ की तबियत अचानक से बिगड़ गई। मैंने उसे दवाई के साथ नीम के पेड़ की पत्तियों का रस पीने की सलाह दी। हम रोज़ बाज़ार से नीम के पत्ते लाकर उसका रस निकाल कर उसे देते थे। एक दिन कोई बाज़ार नहीं गया, इस वजह हम हमारे मंदिर परिसर में लगाए हुए उस नीम के पेड़ की पत्तियाँ तोड़ कर ले आए और उसका रस निकाल कर माँ को दिया। तो माँ ने कहा, 'यह निश्चित रूप से नीम के पत्तों का रस है ना?' हमने कहा, 'हाँ'। माँ ने कहा, 'फिर यह रस कड़वा क्यों नहीं है?' यह सुन कर हमें बड़ा आश्चर्य हुआ। फिर हमने गुरुस्थान में नीम के पेड़ का पत्ता चखा, तो हम बाबा की लीला से अभिभूत हो गए।

**'कडुलिंबाला कसा आला गोड़ पाला, झालो दंग मी पाहुनिया साईलीला।'** यह गाना मन में गुनगुनाने लगा।''

भरत जी साईं बाबा की लीलाओं के बारे में बता रहे थे।... ''आज मैंने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है वह साईंनाथ के आशीर्वाद के कारण ही है। शुरुआत में जब मैंने १९९६ में साईं भक्तों के लिए पहली मुफ़्त साईं पालकी पदयात्रा की, तो मेरे पास पर्याप्त पैसे भी नहीं थे; साथ ही कई कठिनाइयाँ भी थीं। लेकिन साईं की कृपा से पदयात्रा किसी भी विघ्न के बिना सफल हुई।

एक बार जब पदयात्रा इगतपुरी पहुँची तो मुझे पैसे की समस्या का सामना करना पड़ा; घर में पर्याप्त पैसे नहीं थे, उस समय मेरी पत्नी रंजना ने अपना मंगलसूत्र गिरवी रख दिया और मेरी लाज बचाई। यह सब साईं बाबा की कृपा है। बाबा की कृपा से मुझे ऐसी पत्नी मिली जो साईं भक्ति में लीन रहती है। बाबा की हम पर असीम कृपा है। जब भी हम चलते हैं तो हमें साईं का अनुभव होता है। एक बार हम एक होटल में ठहरे हुए थे। साथ चल रहे रसोइये ने चलने वालों की संख्या के अनुसार भोजन तैयार किया। जैसे ही हम खाना खाने के लिए बैठने वाले थे, दो या तीन लक्जरी बसें होटल के सामने रुकीं और यात्री क़तारबद्ध होकर वहाँ पहुँच गए जहाँ हमने खाना तैयार किया था। यह देख कर हमारे पदयात्री थोड़े–से भ्रमित हो गए और मेरी ओर दौड़ते हुए आए। जब उन्होंने सारी घटना बताई तो मैंने उनसे कहा, 'कोई बात नहीं; कोई भी भूखा नहीं जाएगा; सबको खाना खिलाओ! अल्लाह मालिक है, बाबा सब देख लेंगे।' हमने उन सभी यात्रियों को खाना खिलाया। सचमुच, क्या चमत्कार हुआ! सारी मंडली और हम सभी पदयात्रियों ने केवल पदयात्रियों के लिए ही बना भोजन भरपेट खाया!

हमने अपने घर की छत पर एयरटेल टावर लगाया है। उससे जो पैसा मिलता है उसका उपयोग हम साईं पदयात्रा के लिए करते हैं। मेरा बड़ा बेटा सर्वेश, छोटा बेटा सिद्धेश भी साईं भक्त हैं। बेटी श्रद्धा अपनी सांसारिक दुनिया में ख़ुश है। साईं की कृपा से आज सब कुछ ठीक चल रहा है।''

भरत जी के इस साईं मंदिर में शिर्डी की तरह आरतियाँ की जाती हैं। भरत जी स्वयं प्रातः ३.३० बजे से साईं सेवा में होते हैं। यहाँ भी शिर्डी की भाँति सारे उत्सव मनाए जाते हैं। इस साईं मंदिर में हर दिन अनेक भक्त आते हैं। इन भक्तों को साईं के कई अनुभव भी हुए हैं। इन साईं भक्तों से बात करने और उनके साईं अनुभव सुनने का मौका मिला।...

* नवी मुंबई के सी वुड में रहने वाले भक्त श्री चंद्रकांत भोईर साईं की कृपा से इस मंदिर से जुड़े। उन्हें साईं बाबा के कई अनुभव हुए हैं। वे कहते हैं, ''जब मैं ७वीं कक्षा में था तब मैं पहली बार शिर्डी गया था। तब से मैं साईं के प्रति आकर्षित हो गया और मैं अक्सर शिर्डी जाने लगा। मुझे लगातार बाबा की कृपा के अधीन होने का एहसास होता है। एक बार मैंने एक सपना देखा, जिसमें मैंने देखा कि मैं समुद्र में डूब रहा था; बाबा भी वहीं थे; लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया; फिर जब पानी मेरी गर्दन तक पहुँच गया और मैं डूबने ही वाला था, तो साईं ने अपना हाथ बढ़ा कर मुझे बाहर निकाला। अर्थात् संकट के समय हम बाबा से प्रार्थना करते हैं; लेकिन बाबा नहीं आते, लगता है बाबा हमारे साथ नहीं हैं, हम सोचते हैं; लेकिन बाबा हमेशा हमारे साथ होते हैं। सबसे पहले वे हमसे संकट से लड़ने की कोशिश करवाते हैं। जब मुसीबत से निकलने के हमारे प्रयास विफल हो जाते हैं और सारे रास्ते ख़त्म हो जाते हैं, तो बाबा दौड़े चले आते हैं।

कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी बाबा की अनुकंपा का अनुभव हुआ। हमारे आसपास हर जगह कोरोना के मरीज़ पाए गए। इसलिए हमारा परिवार डरा हुआ था। इसी बीच मेरी पत्नी मनीषा को सपना आया कि हमारे घर के गेट के बाहर साईं बाबा खड़े हैं और उनके शरीर पर कोरोना के जिवाणू घूम रहे हैं। इसका मतलब यह है कि बाबा ने कोरोना जैसे वायरस को घर में नहीं घुसने दिया, गेट के बाहर ही रखा। दरअसल, उस समय हम उस महामारी से बिल्कुल भी पीड़ित नहीं हुए!

देखिए कैसे बाबा आपकी मन की इच्छा पूरी करते हैं।... मैं हमेशा शिर्डी स्थित समाधि मंदिर का सीधा प्रसारण देखता हूँ। एक बार मैं हमेशा की तरह सीधा प्रसारण देख रहा था, तो मैंने बाबा के चरणों में एक सुंदर गुलाब का फूल देखा। मैंने सोचा, काश, यह फूल मुझे मिल जाए! थोड़ी देर बाद एक लड़का वैसा ही गुलाब का फूल लेकर वहाँ आया। उसने वह फूल वहाँ चोपदार के हाथ में दे दिया। चोपदार ने बाबा के चरणों में वह फूल रख दिया। उसके बदले में चरणों से दूसरा फूल लेकर लड़के को दे दिया। यह देख कर मैं बहुत ख़ुश हुआ, मानो, बाबा ने मुझे वह फूल दे दिया हो! मुझे लगा कि **'जो जो मज भजे, जैसा जैसा भावे, तैसा तैसा पावे मीही त्यासी।'**

इस दिवाली में मुझे कुछ शारीरिक परेशानी हुई। मैं डॉक्टर के पास गया और दवा ली। उन्होंने चिकित्सा का पाँच दिन का कोर्स दिया। इससे मुझे बेहतर महसूस हुआ; लेकिन फिर परेशानी शुरू हो गई। मैं दोबारा डॉक्टर के पास गया, तो उन्होंने सोनोग्राफ़ी की। इसमें उन्हें लीवर के बाजू में कुछ दिखाई दिया। उन्होंने कहा, 'यहाँ ज़रूर कुछ है; यदि सोनोग्राफ़ी में यह स्पष्ट नहीं है, तो सीटीस्कैन करें।' यह सुन कर मैं थोड़ा डर गया। सीटीस्कैन के दौरान भी मैं साईं का नाम मन में ले रहा था। बाबा ने मेरी बात सुनी और मेरी रिपोर्ट नॉर्मल आई। ऐसे हैं हमारे साईं बाबा, उनकी हर एक लीला कुछ न्यारी ही होती है! क्या आप मुझे एक बात बता सकते हैं? आह, वास्तव में हमने साईं को गुरु के रूप में नहीं चुना है, बल्कि साईं ने हमें भक्त के रूप में चुना है, हमें हमेशा जागरूक रहना चाहिए और उसके अनुसार आचरण करना चाहिए।''

* साईं भक्त मनोज गुप्ता पिछले १३ सालों से शिर्डी की पदयात्रा कर रहे हैं। पाँच या छह साल पहले उनकी वित्तीय स्थिति ख़राब थी। कमाई इतनी ही थी कि पेट भर सके। लेकिन, साईं की कृपा से अब उनके पास अपना बड़ा घर है। आर्थिक स्थिति संतोषजनक है। अपना अनुभव बताते हुए वे कहते हैं – ''हमारे परिवार पर बाबा की असीम कृपा है। जनवरी २०२४ में बाबा हम पर बहुत मेहरबान हुए।

